तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 7 जून 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

अब द बुल एण्ड द मेटाडोर, धर्मचक्र, थॉट कॉर्नर सेल्फी प्वाइंट बढ़ाएंगे शहर की सुंदरता



(कोरबा) प्रवेश प्रारंभ (कटघोरा)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
पता: प्राचार्य: लालूरम कालोनी (पवन भोग आटा चक्की के पीछे) कोरबा
मो. 9203903521, 9425556340, 9203914561
पता: प्राचार्य: निहारिका टॉकीज कम्पाउंड, गोपाल पेट्रोल पंप के सामने कटघोरा
मो. 9203914562, 9691946265, 9203914561

# शिक्षा विभाग के 250 जर्जर स्कूलों को फिर मिली डीएमएफ से राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएमएफ की राशि का शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में खर्च किए जाने की कार्ययोजना के तहत शिक्षा विभाग को फिर से 250 स्कूलों के लिए डीएमएफ से राशि जारी की गई है। ये ऐसे स्कूल हैं जो जर्जर हो चुके थे, जिनके नवनिर्माण के लिए शिक्षा विभाग ने डीएमएफ कमेटी को प्रस्ताव भेजा था।

बीते वर्ष भी डीएमएफ से जर्जर स्कूलों की जगह नए स्कूल भवन निर्माण के लिए एक बड़ी राशि डीएमएफ से जारी की गई थी। उक्त राशि से शहरी क्षेत्र के कई स्कूलों को डिस्मेंटल कर उनकी जगह नए भवन बनाने का काम शुरू किया गया था। अब तक डिस्मेंटल हुए भवन की जगह नए भवन का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। नए भवन के लिए शिक्षा विभाग को इंतजार करना पड़ेगा। रामपुर प्राथमिक शाला, अंधरीकछार पूर्व माध्यमिक शाला, रिस्दा प्राथमिक शाला, परसाभाठा पूर्व माध्यमिक शाला एवं रिस्दी प्राथमिक शाला के साथ जामबहार पूर्व माध्यमिक शाला के नये भवन बनाए जाने का काम शुरू किया गया है। इसके साथ ही किचन शेड और शौचालय का काम भी स्वीकृत किया गया है।

## शहरी क्षेत्र में हो रहे हैं नए स्कूलों के भवन का निर्माण

**खास बातें**

- बीते वर्ष के काम अब तक नहीं हुए पूरे, नए भवन के लिए करना पड़ेगा और इंतजार



### नए भवन का निर्माण ग्रामीण क्षेत्र में

डीएमएफ से जिन 250 जर्जर स्कूल भवन के जगह नए भवन का निर्माण किया जाएगा उनमें से सर्वाधिक ग्रामीण अंचलों से हैं। जिनके लिए 165 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। इन क्षेत्रों में नए भवन निर्माण की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है और न ही पुराने भवनों को डिस्मेंटल किया गया है।

### एक स्कूल में 4 किचन शेड

निर्माण कार्य स्वीकृत कराने के होड़ में ऐसे भी काम स्वीकृत हुए, जहां पहले से ही भवन बने हुए हैं। ऐसा ही मामला परसाभाठा के नाम से भद्रापारा में संचालित प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला में नजर आता है। यहां पहले से ही दो किचन शेड बने हुए हैं और दो और किचन शेड का निर्माण स्वीकृत हुआ है। दो स्कूलों के लिए चार किचन शेड तैयार करना समझ से परे है। स्कूल के शिक्षक भी पुराने किचन शेड के जर्जर होने का हवाला देते हैं। किन्तु उन किचन शेड को डिस्मेंटल नहीं किया गया है।

## खबर संक्षेप

### इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस में सुधांशु का चयन



**कोरबा।** भारतीय तकनीकी सेवा इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस में सुधांशु सिंह चयनित हुआ है। ऑल इंडिया बेस में होने वाली इस कठिन परीक्षा में सुधांशु सिंह ने सफलता अर्जित की है इस सफलता के बाद अब सुधांशु क्लास वन गजस्टेड ऑफिसर के रूप में देश को अपनी सेवा देंगे उनका चयन आईएएस ऑफिसर असिस्टेंट डायरेक्टर आफ मिनिस्ट्री एनवायरमेंट फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज एईई क्लास वन गजस्टेड में हुआ है।

### भाजपा मंडल हरदीबाज़ार की परिचयात्मक बैठक

**हरदीबाज़ार।** भारतीय जनता पार्टी मंडल हरदीबाज़ार की परिचयात्मक बैठक आहुत की गई। बैठक में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में विधायक श्री पटेल ने संगठन की विचारधारा जनसेवा के कार्यों तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही राष्ट्र निर्माण का आधार है और प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति का महत्वपूर्ण स्तंभ है। मंडल प्रभारी द्वारिका शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि आइये हम सब मिलकर संकल्प ले कि हम सब एकजुट होकर संगठन विस्तार एवं सेवाकार्यों और जनसंपर्क को और अधिक महत्व देंगे। बैठक में चुलेश्वर राठौर, मुकेश जायसवाल, दुर्गेश कश्यप, भुनेश्वर राठौर, कृष्ण पटेल, पंकज ध्रुवा, नवरतन सिंह राजपूत, अमरनाथ कौशिक, व्यास राठौर, विनोद कंवर, सरजू निषाद, बजरंग यादव, अनिता जांगड़े, कुसुमलता फरिश्ता, चंदर सिंह मरकाम, देवनाथ यादव, लता कंवर, शिव मरकाम, तुंगन पटेल, राज ओग्रे, प्रभाकर कौशिक, किशन सुर्यवंशी, अब्दुल फहीम उपस्थित रहे।

### सभी भाषाओं की जननी है संस्कृतः दिव्या

**कोरबा।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीतामढ़ी में संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ की ओर से संस्कृत प्रबोधन वर्ग का आयोजन आज से शुरू हो गया प्रबोधन वर्ग में विभिन्न जिलों से शिक्षार्थी शामिल हुये हैं। यह अभ्यास वर्ग 10 दिन तक चलेगा। मुख्य वक्ता संस्कृत महाविद्यालय रायपुर की प्राध्यापिका डॉक्टर दिव्या देशपाण्डे ने संवाद की शैली में अपनी बात रखी। संस्कृत के प्रति अभिरुचि और इसे जानने की इच्छा को लेकर उन्होंने अवधारणा प्रस्तुत की। डॉ दिव्या ने व्यवहारिक कार्य और अन्य विषयों में संस्कृत को शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती है लेकिन सभी भाषाओं की जननी संस्कृत है। स्वामी विवेकानंद विदेश यात्रा और उसमें दिए गए संदेश को लेकर भी उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति का डंका अंतरराष्ट्रीय स्तर में स्थापित है। संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ प्रबोधन वर्ग के सर्व वर्गअधिकारी के रूप में होमेश्वर चंद्राकर, हेमन्त साहू (संघटन मन्त्री), संयोजक मनोज वैष्णव, शिक्षक नरसिंह शास्त्री, आरसी साहू, प्राचार्य विद्यानंद पांडेय, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन, उमेंद्र राम, नागेन्द्र सिंह, संदीप श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## पिछले वर्ष हितग्राहियों ने ग्राम पंचायतों में प्रस्ताव देकर करवाया था काम

# खेत समतलीकरण के प्रस्ताव का ठप रहा काम, हितग्राही काटते रहे विभागों का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मनरेगा में इस वर्ष उबड़ खाबड़ जमीन को समतलीकरण कर खेत बनाने का काम नहीं होने के कारण इसके हितग्राहियों को जिला पंचायत से जनपद पंचायत तक का चक्कर काटना पड़ा। मिट्टी से संबंधित सभी प्रकार के काम बंद होने के कारण ग्रामीण हितग्राहियों को खेत बनाने का काम करना पड़ा।

मनरेगा में अब तक हितग्राहियों के लिए सबसे बड़ी और कारगर योजना थी समतलीकरण की। इस योजना अंतर्गत ऐसे गरीब ग्रामीण हितग्राही जो अपने बंजर पड़ी जमीन को खेती के योग्य बनाने के लिए उसका समतलीकरण कराकर खेत बनाना चाहते थे, उन हितग्राहियों के द्वारा इस योजना का लाभ लिया जाता रहा। परिणाम स्वरूप जिन ऊबड़ खाबड़ और बंजर जमीन पर खेती नहीं होती थी, ऐसी जमीनों पर फसल लिया जाने लगा। लेकिन पिछले एक वर्ष से उबड़ खाबड़ जमीन को समतलीकरण कर खेत बनाने वाली योजना के बंद होने से ऐसे हितग्राहियों को झटका लगा है जो पहाड़ी क्षेत्र में निवासरत हैं। ऐसे हितग्राहियों को अपने खेतों के समतलीकरण के लिए स्वयं के खर्च पर काम करवाना पड़ रहा है। बीते एक वर्ष से पांचों विकासखंड में मनरेगा के तहत होने वाला यह कार्य बंद पड़ा है।

**खास बात**

- राजस्थान के ट्रैक्टर चालकों ने किया था जिले के सभी ब्लाकों में काम



फाइल फोटो

**खेत बनाने का काम पिछले वर्ष किए गए**

मनरेगा से बंजर जमीन को समतलीकरण कर खेत बनाने का कार्य पिछले वर्ष किए गए हैं। इस वर्ष यह कार्य बंद पड़े हुए हैं। केवल जल संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं।
**-संदीप डिक्सेना,** एपीओ, मनरेगा

### वन पट्टा हितग्राहियों को मिला था लाभ

खेत समतलीकरण की योजना का लाभ विशेषकर वन पट्टाधारी हितग्राहियों को मिला था। जिन्हें वन भूमि पर काबिज होने के एवज में वन अधिकार पत्र दिए गए थे। जिले में 2 हजार से अधिक लोगों का वन अधिकार पत्र वितरित किया गया है। जिनके द्वारा खेत समतलीकरण बड़े पैमाने पर कराया गया, और इससे वन भूमि की जमीनों को खेत में बदलने का काम फसल उत्पादन के लायक तैयार किया गया है।

### बढ़ा है खेती का रकबा

वन भूमि के समतलीकरण कर खेत तैयार करने के परिणाम स्वरूप जिले में खेती का रकबा बढ़ा है। विशेषकर खरीफ फसल के मौसम में ऐसी जमीनों पर सिंचाई का साधन न होने के बावजूद मानसून के भरोसे खेती की गई और इससे किसानों को फसल उत्पादन का लाभ मिला और बंजर जमीन को समतलीकरण खेत बनाने के सर्वाधिक प्रकरण कोरबा विकास खंड और पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड में किया गया है।

# पुलिस ने गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की रात में ली क्लास



निगरानी बदमाशों की क्लास लेती उप निरीक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की विशेष रात्रिकालीन चेकिंग कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान जिले में पदस्थ प्रशिक्षु उप निरीक्षकों की टीमों द्वारा गुंडा एवं निगरानी बदमाशों के निवास स्थलों एवं उनके संभावित ठिकानों पर पहुंचकर सत्यापन किया गया। इस दौरान उनके वर्तमान मूवमेंट, गतिविधियों, रोजगार एवं आय के स्त्रोतों की जानकारी प्राप्त की गई तथा उनके रहन-सहन एवं जीवनशैली का भी परीक्षण किया गया। साथ ही ऐसे व्यक्तियों की भी जानकारी संकलित की गई जो पूर्व में इन बदमाशों के साथ आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं अथवा वर्तमान में उनके संपर्क में हैं। संदिग्ध गतिविधियों, असामान्य आर्थिक स्थिति एवं आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। चेकिंग के दौरान संबंधित व्यक्तियों को कानून व्यवस्था भंग न करने, किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त न होने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने की सख्त समझाइश भी दी गई। पुलिस द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि निगरानी एवं गुंडा बदमाश अपने विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाहियों का पालन करें।

# विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही, कॉलोनी के घरों में दौड़ा हाईवोल्टेज का करंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत विभाग की लापरवाही का खामियाजा सीएसईबी कॉलोनी व पथर्रीपारा वार्ड क्रमांक 19 एवं 20 के रहवासियों को भुगतना पड़ा। शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे अचानक घरों में सामान्य 220 वोल्ट के बजाय 440 वोल्ट करंट प्रवाहित होने से अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते कई घरों के टीवी, फ्रिज, कूलर, पंखे, बल्ब, ट्यूब लाइट और अन्य विद्युत उपकरण खराब हो गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार घटना से कॉलोनीवासियों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रांसफार्मर से सप्लाई देने वाली विद्युत लाइन 11 केवी लाइन के संपर्क में आ गई, जिसके चलते अचानक हाई वोल्टेज सप्लाई घरों तक पहुंच गई। घटना के दौरान कई घरों में बल्ब फूट गए, पंखों से धुआं निकलने लगा और कुछ उपकरणों में ब्लास्ट जैसी स्थिति बन गई। अचानक हुए इस घटनाक्रम से घबराए लोगों ने मुख्य स्विच और एमसीबी बंद कर घरों से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जब तक लोग स्थिति को समझ पाते, तब तक उनके घरों में लगे कई महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो चुके थे। घटना के बाद प्रभावित परिवारों में भारी नाराजगी देखी गई। लोगों का सवाल है कि यदि विभाग द्वारा नियमित रखरखाव और निगरानी की जा रही है तो फिर इतनी गंभीर तकनीकी चूक कैसे हुई। रहवासियों का ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- घरों के टीवी, फ्रिज, कूलर, पंखे, बल्ब, ट्यूब लाइट और अन्य विद्युत उपकरण हुए खराब



ट्रांसफार्मर का निरीक्षण करती टीम।

# महापौर व पार्षदों ने 72 लाख के सड़क डामरीकरण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के दर्री जोन अंतर्गत वार्ड में 72 लाख रूपये की लागत से सड़क डामरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन एवं अन्य पार्षदों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।

उल्लेखनीय है कि श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के प्रयासों से नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत लगभग 15 करोड़ रूपये के सड़क डामरीकरण कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिनकी निविदा आदि की प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है, ठेकेदारों को कार्यादेश दिये जा चुके हैं किन्तु ईरान-इजराईल युद्ध के परिणाम स्वरूप डामर की कमी व महंगे डामर होने के कारण डामरीकरण के कार्य रूके हुये थे, परन्तु उद्योग मंत्री श्री देवांगन के लगातार प्रयासों से अब सड़क डामरीकरण के कार्य प्रारंभ किये जा रहे हैं, इसी कड़ी में विगत दिनों सर्वमंगला पुल एवं एप्रोच सड़क का डामरीकरण कर उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराया गया था, वहीं 72 लाख रूपये की लागत से दर्री जोन अंतर्गत वार्ड क्र. 52 एवं 54 में सड़क डामरीकरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसके अतंर्गत वार्ड क्र. 52 अयोध्यापुरी मुख्य मार्ग बस स्टाप से होते हुये पाईप लाईन तक 40 लाख रूपये की लागत से सड़क डामरीकरण का कार्य एवं वार्ड क्र. 54 अंतर्गत कुमगरी मुख्य चौक से पण्डाल होते हुये प्राथमिक शाला कुमगरी तक 32 लाख रूपये की लागत से सड़क डामरीकरण का कार्य प्रारंभ कराया गया है। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने इन सड़क डामरीकरण कार्यो का भूमिपूजन किया।

**खास बात**

- वार्ड क्रमांक 52 व 54 में होगा डामरीकरण



भूमिपूजन करती महापौर व अन्य।

## हर पौधा बनेगा एक स्मृति, हर वृक्ष रचेगा हरित विरासत की नई कहानीः राजेश

# उद्योग मंत्री ने बालको नेहरू नगर में किया सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको औद्योगिक विकास के साथ-साथ सामाजिक विकास के क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं सड़क निर्माण में भी उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। नेहरू नगर में निर्मित यह सामुदायिक भवन स्थानीय नागरिकों के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। आप सभी इस सामुदायिक भवन का अधिकतम उपयोग करें तथा इसे सामाजिक सहभागिता और जनकल्याण की गतिविधियों का सशक्त केंद्र बनाएं।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने बालको द्वारा नेहरू नगर में नव-निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण के दौरान कही। इस अवसर पर बालको के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार सिंह ने कहा हमारा उद्देश्य इस सामुदायिक भवन को नागरिकों को समर्पित कर लोगों के बीच आपसी सहयोग, सौहार्द और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। यह भवन विभिन्न सामुदायिक आयोजनों, सामाजिक कार्यक्रमों एवं जनहित गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा। भवन में रैंप सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भवन की पहुंच सुगम बनाई गई है। यह सभी के लिए सुलभ एवं समावेशी सार्वजनिक सुविधाएं विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सामुदायिक कल्याण एवं आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत बालको ने वित्तवर्ष 2026 में 12 सामुदायिक शौचालय, 2 सामुदायिक मंच तथा 4 सामुदायिक भवनों का निर्माण किया है। इन पहलों के माध्यम से बालको स्वच्छता, सामाजिक सहभागिता और सामुदायिक आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करते हुए आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।



सामुदायिक भवन का लोकार्पण करते उद्योग मंत्री व अन्य।

# 26 वाहन चालकों के विरुद्ध एमव्ही एक्ट के तहत हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के समस्त थाना एवं यातायात इकाइयों द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर चेकिंग प्वाइंट स्थापित कर ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से वाहन चालकों की जांच की गई।

जांच के दौरान कुल 26 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए, जिनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की गई। जिनमें 5 चार पहिया वाहन चालक एवं 21 दो पहिया वाहन चालक शामिल हैं। सभी प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए चालकों को न्यायालयीन प्रक्रिया हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं के विश्लेषण से यह तथ्य सामने आता है कि शराब पीकर वाहन चलाना दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक है। नशे की अवस्था में ⏭ शेष पेज 3 पर

## खबर संक्षेप

### चाकू लहराकर लोगों को डरा रहा युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने तालापारा क्षेत्र में आम लोगों को धारदार चाकू दिखाकर डराने धमकाने वाले एक आरोपी को रंगो हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,शुक्रवार दोपहर को गश्त के दौरान सूचना मिली कि साई मंदिर के पीछे वाली गली तालापारा में एक युवक हाथ में बड़ा चाकू लेकर आने-जाने वाले राहगीरों को डरा रहा है, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मची हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गवाहों के साथ मौके पर घेराबंदी कर रेड की। पुलिस ने आरोपी लॉरेंस मसीह 33 वर्ष निवासी तालापारा को मौके पर ही धर दबोचा। आरोपी के पास से 31 सेंटीमीटर लंबा धारदार लोहे का चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**जेनेरिक दवा के नाम पर चल रहा है बड़ा खेल** | **जिले के कई दवा व्यापारी लोगों को दे रहे झांसा**

# धड़ल्ले से बिक रहीं छूट पर दवा, काउंसिल के नियमों की उड़ी धज्जियां

**बिलासपुर।** दवा दुकानों में 10 से 20 फीसदी की छूट राज्य फार्मेसी काउंसिल की उस एडवाइजरी का माखौल उड़ा रही है, जिसमें ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने की बात कही गई है। शहर के कई छोटे और बड़े दुकानों में दवाओं पर छूट का बोर्ड आसानी से देखा जा सकता है। इसे लेकर जिला औषधि संघ ने काउंसिल को पत्र भी लिखा है, लेकिन नियम महज कागजों तक ही सीमित है।

दवा दुकानों के बाहर लगे छूट को छत्तीसगढ़ राज्य फार्मेसी काउंसिल ने गलत माना है। 7 अप्रैल 2025 को जारी किए गए एडवाइजरी में पंजीकृत फार्मासिस्ट, मेडिकल दुकान संचालक को बिक्री पर छूट, रिबेट या प्रचारात्मक ऑफर देने की मनाही की है। काउंसिल ने इसे बेवजह का प्रतिस्पर्धा और ग्राहकों को भ्रमित करने का कारक बताया है।




काउंसिल ने सीधे तौर पर कहा था कि दवा ग्राहकों के लिए ऐसे बोर्ड, बैनर और छूट का प्रचार फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 के अध्याय 7 व 8 का खुला उल्लघंन है। इसके बाजवूद शहर के कई दुकानों में अब तक बोर्ड दिखाई दे रहे है। काउंसिल को इसकी शिकायत मिलती है लेकिन संघ द्वार किए गए शिकायतों में किसी खास दुकानों का जिक्र नहीं होने के कारण इसे सामान्य शिकायत मानकर काउंसिल भी कार्रवाई नहीं कर पा रहा है और कुछ दुकानदार धड़ल्ले से छूट का झांसा देकर मरीज और दवा ग्राहकों को चूना लगा रहे हैं।

### एमआरपी रेट पर डिस्काउंट सामान्य छूट

दरअसल जेनरिक और अन्य ब्रांड के दवाओं पर छूट मिल सकती है, एमआरपी रेट पर छूट का प्रावधान पहले से लागू है, कई मेडिकल स्टोर इसे देते भी हैं, लेकिन कॉरपोरेट मेडिकल स्टोर, चेन मार्केटिंग मेडिकल स्टोर अपने स्वंय के ब्रांड व जेनेरिक दवाओं पर कई बार 25 फीसदी का डिस्काउंट दे रहे हैं, जिससे आम चिल्हर दवा दुकानों की कम टूट रही है। इस बारे में फार्मासिस्ट और केट के अध्यक्ष हीरानंद जय सिंह ने बताया कि काउंसिल महज चिल्हर विक्रेताओं पर ध्यान दे रही है, जबकि कॉरपोरेट मेडिकल स्टोर नियमों की धज्जियां उठा रही है। कॉरपोरेट मेडिकल स्टोर जेनेरिक मेडिसीन के नाम पर अपनी दवा बेच रहे है। फेसबुक, ऑनलाइन प्लेटफार्म में आसानी से डिस्कांउट मिल रहा है। ऐसे में प्रतिबंध सभी तरीकों पर लगाना अनिवार्य है।

### फार्मासिस्ट एक्ट के तहत की जा सकती है कार्रवाई

फार्मासिस्ट एक्ट के तहत कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन काउंसिल को अब तक लिखित में किसी भी मेडिकल स्टोर की शिकायत नहीं मिली है। संघ द्वारा जो पत्र भेजा जाता है व आम पत्रों के अनुसार है, जिस पर एडवाइजरी पहले से ही जारी की गई है। काउंसिल के सामने ऐसा एक भी मामला आएगा, जिसमें दुकानदार द्वारा छूट या दिग्भ्रमित करने का विज्ञापन हो तो काउंसिल रजिस्ट्रेशन कैंसिल कर सकती है। कार्रवाई तय की जाएगी।

**-अश्वनी गुर्डेकर**, रजिस्ट्रार, छग राज्य फार्मेसी काउंसिल

### छूट देना सही नहीं है

प्रतिस्पर्धा में कई दुकानदार दुकान के बाहर छूट का बोर्ड लगा रहे हैं, जो सही नहीं है। इससे दवा की प्रमाणिकता और नियमों का उल्लघंन है। सबसे खास बात यह है कि मरीज व ग्राहक ऐसे विज्ञापन के झांसे में आता है और डाक्टर द्वारा लिखित दवा से अलग दवा की खरीदी कर बैठता है। बड़े कॉरपोरेट फार्मेसी चेन खोल चुके है, वे कहीं की दवा को कही भी खपा रहे है। हमने काउंसिल को पत्र लिखकर इस बारे में निर्णय लेने के लिए कहा है।

**-राकेश शर्मा**, अध्यक्ष, जिला औषधि संघ

### दुकानदार को हम मना नहीं कर सकते

हम अपने स्तर पर महज दवा की खरीदी बिक्री और उसके रख रखाव से संबंधित नियमों की जांच पड़ताल करते हैं। छूट पर दवा बेचना ग्राहकों को भ्रमित कर सकता है, लेकिन दुकानदार को हम मना नहीं कर सकते है। इसके लिए राज्य फार्मेसी काउंसिल ही कार्रवाई कर सकती है।

**-भीष्म सिंह**, सहायक औषधि नियंत्रक

---


**कमाई नहीं होने से बंद हो गई दुकान**

# यात्रियों की नजर नहीं पहुंचती वहां खोल दिया था गढ़कलेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल स्टेशन में आने-जाने वाली गाड़ियों में सफर कर रहे बाहर के यात्रियों को छत्तीसगढ़ी व्यंजन का स्वाद चखाने के लिए गढ़कलेवा का स्टॉल ऐसे स्थान पर खोला गया, जहां यात्रियों की संख्या दिन भर में काफी कम थी या फिर उस जगह पर यात्रियों की नजर ही नहीं पड़ रही थी। इसके कारण गढ़कलेवा का स्टॉल पूरी तरह से बंद हो गया।

हजारों की संख्या में सफर करने वाले यात्री अलग-अलग प्रदेश और जाति के रहते हैं, जिन्हें कई बार दूसरे प्रदेशों के खान-पान का स्वाद नहीं भाता है। रेलवे बोर्ड ने पहले सभी प्रदेश स्तर पर चलने और स्टापेज होने वाली ट्रेनों के यात्रियों के लिए प्रदेश में बनने वाले व्यंजनों की बिक्री करने का आदेश दिया था, लेकिन यह आदेश केवल कागजों तक ही सीमित रह गया। इसके उपरांत वन नेशन वन प्रोजेक्ट के तहत लोकल स्तर को बढ़ावा देने के लिए स्टॉल ओपन किए गए, जहां के सामानों की खरीददारी करने में यात्रियों ने कोई भी दिलचस्पी नहीं दिखाई। रेल प्रशासन ने प्लेटफार्म नम्बर एक पर गेट नम्बर चार के पास स्थानीय और लोकल स्तर के व्यंजनों और बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए गढ़कलेवा के नाम से स्टॉल ओपन कर दिया। इसके लिए स्थानीय महिला समूह को ठेका दिया गया था। रेलवे की योजना अनुसार जहां प्रदेश के साथ बाहर के यात्रियों को छत्तीसगढ़ के व्यंजन का स्वाद दिया जाना था। इस स्टॉल को जिस प्लेटफार्म पर ओपन कराया गया था, उस प्लेटफार्म पर यात्री गाड़ियों से ज्यादा मालगाड़ियों का स्टापेज होता है। इसके कारण यात्रियों की संख्या भी स्टेशन में नहीं के बराबर रहती है। गढ़कलेवा जब से ओपन हुआ तब से एक या दो यात्री ही स्टॉल तक खाने-पीने का सामान लेने के लिए पहुंचते थे, जिसकी वजह से काफी नुकसान उठाना पड़ रहा था। इसे देखते हुए महिला समूह ने गढ़कलेवा का संचालन करना ही बंद कर दिया।



स्टेशन में बंद हुई गढ़कलेवा की दुकान, जगह हुई खाली।

**क्या थी योजनाः** रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार जोनल रेलवे स्टेशन के बिलासपुर में पहला गढ़कलेवा ओपन किया जाना था। यह कई महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करता है। गढ़कलेवा छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इसमें ग्रामीण परिवेश जैसा वातावरण है जो लोगों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जोड़ता है। इसमें चावल के आटे से बनी रोटी यानि चौसेला, मूंग या अन्य दाल से बना व्यंजन हथफोड़वा, गुड़ और चावल के आटे से बनी मिठाई ऐरसा, चावल और दाल के आटे से बनी नमकीन टिक्की धुसका, दूध में बनी मीठी डिश दूध फरा, मीठा व्यंजन गुड़ से बना पीढ़िया, चावल या गेहूं के आटे से बनी टिक्की मुठहिया, चावल और दही से बनी मिठाई देहरौरी, मीठी स्नैक पपची, गुड़ चना दाल के साथ बना पूरन लड्डू, कारी लड्डू, अंगाकर रोटी, बफोरी, गुलगुला, खाजा, ठेठरी, साबूदाना बड़ा, फरा, चीला, मूंग बड़ा, मीठे में अरसा, खुरमी, पूरन लड्डू, पीड़िया, पपची आदि शामिल है।

### नहीं आ रही थी पब्लिक

यात्रियों के लिए ही छत्तीसगढ़ व्यंजन का स्वाद देने गढ़कलेवा स्टॉल को प्लेटफार्म नम्बर एक पर ओपन कराया गया था। इसे संचालन करने के लिए महिला समूह को जिम्मेदारी दी गई थी। गढ़कलेवा ओपन होने के बाद पब्लिक नहीं आ रही थी, जिसकी वजह से उन्होंने स्टॉल को छोड़ दिया। अब दूसरी महिला समूह की खोज की जा रही है, ताकि उनकी ओर से सामानों को अच्छी तरह से पैकिंग कर यात्रियों को दी जाए।

**-अनुराग कुमार सिंह**,सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

### कोनी आईटीआई के स्टोर रूम से हजारों का माल पार

**बिलासपुर।** कोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अज्ञात चोरों के द्वारा स्टोर रूम की जाली तोड़कर हजारों रूपए का सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,संस्थान में मेंटेनेंस मैकेनिक पद पर पदस्थ महेश चन्द्र बागले 30 अप्रैल को शाम करीब 5.20 बजे भंडारण कक्ष में ताला लगाकर घर गए थे। इसके बाद शासकीय अवकाश और फिर अर्जित अवकाश होने के कारण स्टोर रूम बंद था। इस दौरान किसी अज्ञात चोर ने स्टोर रूम की लोहे की जाली को तोड़कर अंदर प्रवेश किया। जब कर्मचारी वापस लौटे और कमरे की जांच की तो वहां रखा भारी मात्रा में कीमती सामान गायब मिला। चोरी गए सामानों में सिलाई मशीन, सिलिंग फैन, खेल संबधी तावा एंव गोला,वेल्डिंग नोजल,वेल्डिंग केवल,सरफेस प्लेट,फ्लैट फाइल,फ्लायर के 3 बाक्स ,स्क्रू ड्राइवर और भारी मात्रा में स्क्रैप शामिल है। गायब हुए इस शासकीय सामान की कुल कीमत लगभग 39 हजार 266 रूपए आंकी गई है।कोनी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी है।

# रिटायर्डकर्मी से 10 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **मुनाफे में हिस्सेदारी देने का दिया झांसा**

आटोमोटिव इंजन आयल, ग्रीस का स्टॉकिस्ट बनाने व कंपनी में पार्टनर बनाकर मुनाफे में हस्सेदारी देने का झांसा देकर रिटायर्डकर्मी से 10 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अशोक विहार फेस 2 निवासी रिटायर्डकर्मी राजेन्द्र कुमार देवांगन ने शिकायत दर्ज कराई। वर्ष 2020 में ओडिशा की इसेन्वेल्थ स्टोर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर सुशील कपूर, सहयोगी यश नारायण शर्मा उनसे मिले। दोनों ने उन्हें कंपनी का मिनी स्टॉकिस्ट और चैनल पार्टनर बनाने का प्रस्ताव दिया। दोनों ने दावा किया कि कंपनी के ऑटोमोटिव इंजन आयल और ग्रीस के कारोबार में निवेश करने पर उन्हें स्टाकिस्ट बनाया जाएगा। कंपनी के आय में 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी उन्हें दी जाएगी। इसके लिए उन्होंने पहले चार लाख रुपए मांगा। लालच में आकर श्री देवांगन ने उन्हें अलग अलग किश्तों में नकद व आनलाइन बैंकिंग के माध्यम से 4 लाख रुपए दे दिया। उसके बाद भी उन्हें स्टॉकिस्ट नहीं बनाने पर उन्होंने दोनों से संपर्क किया तो उन्हें प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर 6 लाख रुपए और जमा करने को कहा गया। श्री देवांगन ने उनके बताए गए बैंक खातों में 6 लाख रुपए जमा कर दिया। उसके बाद भी उन्हें मुनाफे की राशि नहीं मिली। उन्होने दोनों से संपर्क किया तो टालमटोल करने लगे और मोबाइल बंद कर उनका मोबाइल ब्लाक कर दिया। उसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ। उन्होने मामले की रिपोर्ट ओडिशा में दर्ज कराई। वहां से डायरी आने पर सरकण्डा पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर सुशील कपूर, यशनारायण शर्मा के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर ठगी

रेलवे सुरक्षा अधिकारी की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उनके चार परिचितों से 60 से 70 हजार रुपए मांगकर ठगी कर ली गई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया, रेलवे के प्रधान सुरक्षा अधिकारी अनुप सतपति ने रिपोर्ट लिखाई। उनके नाम की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उनके चार परिचितों से झूठ बोलकर 60 से 70 हजार रुपए मांगकर ठगी कर ली है। परिचितों ने उनसे संपर्क कर पैसा देने की बात कही तो उन्हें उनके नाम की फर्जी फेसबुक आईडी बनाने की जानकारी मिली। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 319 व 66 आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### डीपाडीह मुख्य मार्ग पर डिवाइडर से टकराई बाइक, शिक्षक की मौत

शंकरगढ़। ग्राम डीपाडीह मुख्य मार्ग पर बाइक सवार शिक्षक अनियंत्रित हो डिवाइडर से टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार शिक्षक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बचवार निवासी शिक्षक सुरेश कोरवा बीती रात बाइक क्रमांक सीजी 30 जी 9802 से घर डीपाडीह आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार डीपाडीह के समीप मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शिक्षक के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# एयरपोर्ट के लिए समिति करेगी विराट जन मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का आव्हान**



4सी एयरपोर्ट व महानगरों तक सीधी उड़ान को लेकर रनवे विस्तार और नए टर्मिनल भवन की मुहिम अब नया रंग ले सकती है। हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति विराट जन मार्च निकालेगी। 7 साल बाद भी बिलासा एयरपोर्ट की उपेक्षा से समिति ने सरकार के विरोध में मार्च निकाल सकती है

दरअसल रायपुर एयरपोर्ट में ही बोइंग और एयरबस जैसे विमान उतर सकते हैं, आकस्मिक स्थिति जैसे मौसम खराब व अन्य कारणों पर रायपुर में विमान नहीं उतरने पर भुवनेश्वर नागपुर आदि डाइवर्ट किया जाता है। समिति ने कहा कि क्षेत्रफल में छत्तीसगढ़ से छोटे तमिलनाडु राज्य में 7 बड़े एयरपोर्ट हैं जबकि बिलासपुर में हाईकोर्ट, रेलवे जोन, एसईसीएल होने के बाद भी सर्व सुविधायुक्त एयरपोर्ट नहीं बनाया जा सकता है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने इसी माह विराट जन मार्च आयोजित करने का फैसला किया है। जिसमें गांधी चौक से नेहरू चौक तक जनमार्च निकला जाएगा। इसके लिए समिति ने विभिन्न संगठन जिसमें खेल संघ, जाति समाज संगठन, धार्मिक संगठन , व्यापारिक संगठन, प्रोफेशनल्स संगठन एवं अन्य प्रमुख राजनीतिक सामाजिक व्यक्तियों के साथ संपर्क शुरू कर दिया है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा जून के अंतिम सप्ताह में जन मार्च किया जा सकेगा।

# रिटायर्ड रेलवे कर्मी के घर से सोने के जेवर मोबाइल चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिटायर्ड रेलवेकर्मी के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने के जेवर, मोबाइल, टेबलेट की चोरी कर ली है। पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया, कासिमपारा निवासी रिटायर्ड रेलवेकर्मी सतीश कुमार तिग्गा 60 साल विगत 28 मई को घर के दरवाजे में ताला लगाकर सिक्किम घूमने चले गए थे। 5 जून को वे घर लौटे तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। आलमारी के लाकर से कीमती सोने के जेवर व मोबाइल, टेबलेट चोरी हो गई थी।

सूचना पर पुलिस उनके घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्री तिग्गा की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## बोरवेल वाहन के नीचे सो रहे किशोर को चालक ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

चांदनी थाना अंतर्गत ग्राम खालबहरा में ट्यूबवेल खनन के दौरान चालक ने बोरवेल ट्रक के नीचे सो रहे किशोर मजदूर को कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में बोरवेल वाहन को जब्त किया है।

शुक्रवार को ग्राम खालबहरा में ट्यूबवेल खनन करने सीमावर्ती बैढ़न से बोरवेल वाहन क्रमांक केए01ईई 1554 लेकर चालक एवं कर्मचारी पहुंचे थे तथा मशीन से ट्यूबवेल खनन कर रहे थे। वाहन पर तैनात मजदूरों में ग्राम खदौली, बैढ़न निवासी 13 वर्षीय किशोर वंश बहादुर आ.लाल बहादुर भी शामिल था। दोपहर में कर्मचारी खनन बंद कर भोजन करने के उपरांत छाया में आराम कर रहे थे मजदूर किशोर वंश बहादुर वाहन के नीचे सोया था। इस दौरान अचानक चालक जगा तथा बोरवेल वाहन स्टार्ट कर आगे बढ़ा दिया जिससे नीचे सो रहा किशोर पिछले चक्के के नीचे दब गया तथा घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजन को सूचना दी तथा दुर्घटनाकारी वाहन को जब्त कर उपस्थित चालक व मजदूरों का कथन लिया। सूचना पर पहुंचे मृतक के पिता ने बताया कि बोरवेल वाहन संचालक ने उसकी सहमति के बिना किशोर को हर महीने 12 हजार रूपए देने का लालच देकर काम करवा रहा था। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

**पुलिस ने दुकान से बरामद की डेढ़ लाख कीमत की 3 किलो गांजा**

# डेली नीड्स दुकान की आड़ में पिता-पुत्र बेच रहे थे गांजा, चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में गांजा का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहर के कई वार्ड में गांजा का अवैध कारोबार लंबे समय से चल रहा है बावजूद इसके आज तक कारोबारियों पर पुलिस अंकुश लगाने नाकाम रही। हाल ही में जयनगर थाना क्षेत्र में यात्री बस में गांजा तस्करी कर रहे लोगों को पुलिस ने पकड़ा जिसके बाद सरगुजा की पुलिस भी सक्रिय हो गई है। दोपहर कोतवाली पुलिस ने शहर के बीच डेली नीड्स दुकान के आड़ में गांजा ब्रिकी करने वाले पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से डेढ़ लाख कीमत के 3 किलो गांजा बरामद किया है।



दुकान की तलाशी लेते पुलिसकर्मी।

जानकारी के अनुसार शहर के बीच केदारपुर पुराना नगर निगम कार्यालय समीप निवासी शिवम सोनी आ. नरेश सोनी घर के सामने डेली नीड्स दुकान का संचालन करते है। आज दोपहर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुकान में दबिश देकर घर व दुकान की तलाशी ली तो डेढ़ लाख कीमत के एक झोले में रखे लगभग 3 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने गांजा को जब्त कर पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी पिता-पुत्र से गांजा के संबंध में पूछताछ में जुटी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पिता पुत्र लंबे समय से डेली नीड्स दुकान की आड़ में गांजा का अवैध कारोबार कर रहे थे। पुलिस को पूर्व में भी दुकान में गांजा बिक्री करने की शिकायत मिली थी। बताया जाता है कि दुकान संचालक दुकान के आड़ में शहर के युवाओं को गांजा ब्रिकी करता था और रात में दुकान के सामने युवकों की भीड़ लगी रहती थी।



# ग्रामीणों की मौत के मामले में नहीं मिले पीलिया एवं हेपेटाइटिस के लक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विकासखंड मैनपाट में पीलिया से पांच लोगों की मृत्यु होने संबंधी जानकारी आने के बाद स्वास्थ्य, राजस्व एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण एवं जांच की गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि सभी मृतकों की मृत्यु के कारण अलग-अलग थे तथा इन्हें सामूहिक रूप से पीलिया या जलजनित संक्रमण से जोड़ना तथ्यात्मक रूप से उचित नहीं है।



संयुक्त दल द्वारा मृतकों के परिजन से चर्चा, वर्बल ऑटोप्सी, संभावित मरीजों की स्वास्थ्य जांच तथा पेयजल स्त्रोतों का परीक्षण किया गया। जांच में पाया गया कि ग्राम कुनिया निवासी जितेन्द्र यादव की मृत्यु अस्पताल की रिपोर्ट एवं वर्बल ऑटोप्सी के अनुसार सेप्टिक शॉक के कारण हुई थी। वहीं ग्राम बरिमा निवासी श्रीमती भगवती यादव में हेपेटाइटिस-ए की पुष्टि हुई थी, जबकि रायपुर स्थित चिकित्सकीय संस्थानों की रिपोर्ट में उनकी मृत्यु का कारण यकृत संबंधी जटिलताएं एवं कार्डियो-रेस्पिरेटरी अरेस्ट बताया गया है। इसी प्रकार ग्राम बरिमा के विकास यादव की मृत्यु के संबंध में चिकित्सा रिपोर्ट में अलग-अलग चिकित्सकीय कारणों का उल्लेख है। ग्राम नर्मदापुर निवासी विकास यादव को हेपेटाइटिस नहीं था तथा वे बचपन से सिकल सेल रोग से पीड़ित थे। रायपुर में उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हुई। ग्राम केसरा निवासी आकांक्षा यादव भी हेपेटाइटिस से प्रभावित नहीं थीं। वे लंबे समय से टीबी एवं श्वसन संबंधी बीमारी से पीड़ित थीं तथा उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हुई। जांच दल ने बताया कि सभी मृतक अलग-अलग गांवों एवं मोहल्लों के निवासी थे, जिनके बीच लगभग 15 से 20 किलोमीटर की दूरी है। स्वास्थ्य अमले द्वारा मृतकों के परिवारों एवं आसपास के क्षेत्रों का सर्वेक्षण करने पर किसी अन्य सदस्य में पीलिया अथवा हेपेटाइटिस के लक्षण नहीं पाए गए। इससे जल स्त्रोतों के माध्यम से किसी सामूहिक संक्रमण की पुष्टि नहीं होती है। एहतियात के तौर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में डोर-टू-डोर स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया जा रहा है। साथ ही आवश्यक दवाइयों का वितरण एवं पेयजल स्त्रोतों के क्लोरीनेशन का कार्य भी निरंतर किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों से कहा कि किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें।

## खबर संक्षेप

### सभापति का अल्टीमेटम अब कुर्सी छोड़कर जमीन पर बैठेंगे



**कोरबा।** नगर निगम में जनप्रतिनिधियों की लगातार हो रही अनदेखी अब खुलकर टकराव में बदलती नजर आ रही है। निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने अधिकारियों पर सीधे-सीधे मनमानी और जनप्रतिनिधियों के अपमान का आरोप लगाते हुए कड़ा रुख अपनाया है। सभापति श्री ठाकुर ने कहा कि निगम में हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि पार्षदों को उनके ही क्षेत्र में होने वाले लोकार्पण कार्यक्रमों की जानकारी तक नहीं दी जा रही। 6 जून को आयोजित 3-4 लोकार्पण कार्यक्रमों से न केवल पार्षदों, बल्कि महापौर और सभापति को भी अंधेरे में रखा गया। इसे उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला करार दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यह सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि सुनियोजित तरीके से जनप्रतिनिधियों को दरकिनार करने की कोशिश है। अगर शहर की चुनी हुई नेतृत्व व्यवस्था को ही नजरअंदाज किया जाएगा, तो यह व्यवस्था किसके लिए काम कर रही है? सभापति का यह सवाल अब पूरे निगम तंत्र पर भारी पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सोमवार तक जिम्मेदार अधिकारियों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वे निगम कार्यालय में अपनी कुर्सी छोड़कर जमीन पर बैठकर काम करेंगे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर गरिमा मेडिकल की अनोखी पहल



**कोरबा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर निहारिका स्थित गरिमा मेडिकल द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर सराहनीय पहल की गई। इस अवसर पर लगभग 2 सौ पौधों का निःशुल्क वितरण कर लोगों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित किया गया। गरिमा मेडिकल के संचालक जयंत अग्रवाल ने बताया कि यह एक छोटा सा प्रयास है, जिसका उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने घर या आसपास एक-एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक पौधे ग्रहण किए और उन्हें लगाने व संरक्षित करने का संकल्प लिया।

### भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने कोसाबाड़ी में किया पौधरोपण



**कोरबा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ कोरबा द्वारा कोसाबाड़ी क्षेत्र में पौधरोपण किया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय अभियान "एक पेड़ मां के नाम" के तहत यह आयोजन सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका डॉ. अंजना दीपक सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. अंजना ने कहा कि यह अभियान धरती माता और जन्म देने वाली मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश जैन, वरिष्ठ पत्रकार कमलेश यादव, सहसंयोजक धनसाय साहू, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, संदीप शर्मा, सियाराम चंद्रा, पुरुषोत्तम दास महंत, चंचला राठौर, मधु मिश्रा, मीना भैंसारे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने रोपे गए पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया।

## निधन

### श्रीमती राजरानी



**कोरबा।** पूर्व पार्षद व भाजपा नेता नवीन अरोरा की मा श्रीमती राजरानी अरोरा का शनिवार को निधन हो गया। वे कुछ काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहीं थीं। वे अपने भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गई हैं। उनकी अंतिम संस्कार रविवार को प्रातः 10 बजे मोतीसागरपारा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### विद्युत विभाग...

कहना है कि यह केवल संयोग रहा कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। यदि हाई वोल्टेज के कारण किसी घर में आग लग जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। आगजनी, करंट लगने या अन्य गंभीर घटनाओं की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था।

### 26 वाहन चालकों...

चालक की निर्णय क्षमता प्रभावित होती है, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता कम हो जाती है तथा उसका रिएक्शन टाइम सामान्य से अधिक हो जाता है, जिसके कारण अचानक सामने आने वाली परिस्थितियों में वाहन पर नियंत्रण बनाए रखना कठिन हो जाता है। यही कारण है कि नशे की हालत में वाहन संचालन से दुर्घटनाओं की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

# भूजल स्तर बढ़ाने नवा तरिया, आजीविका डबरी का किया जा रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से संचालित "मोर गांव, मोर तरिया एवं मोर गांव मोर पानी" अभियान ग्रामीण विकास और प्राकृतिक संसाधन संवर्धन का मजबूत आधार बनकर उभर रहे हैं। इन अभियानों के माध्यम से जहां जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा मिल रहा है।

जिलेभर में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है। मानसून पूर्व जल संरचनाओं के निर्माण, मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्यों को तेज गति से संचालित किया जा रहा है, जिससे वर्षा जल का अधिकतम संचयन सुनिश्चित किया जा सके। अभियान के अंतर्गत नवा तरिया निर्माण, कृषि तालाब, आजीविका डबरी, परकोलेशन टैंक, मेड़बंधान, नाला उपचार, जल निकासी संरचनाओं का विकास तथा अन्य प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संबंधी कार्य व्यापक स्तर पर किए जा रहे हैं। इन कार्यों का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल को संरक्षित कर भूजल स्तर में वृद्धि करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई और पेयजल की स्थायी उपलब्धता सुनिश्चित करना है। जिले में जल संरक्षण के लिए पारंपरिक और आधुनिक दोनों प्रकार की तकनीकों का समन्वित उपयोग किया जा रहा है। पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण हेतु तालाबों का गहरीकरण, नवा तरिया और डबरी निर्माण किए जा रहे हैं। वहीं भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा देने के लिए नाला उपचार, स्टॉप डेम, परकोलेशन टैंक तथा मेड़बंधान जैसे कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही वर्षा जल संचयन और जल निकासी संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण के माध्यम से आधुनिक तकनीकों का भी उपयोग किया जा रहा है।

### जिले में भूजल स्तर बढ़ाने और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार पर दिया जा रहा विशेष जोर

**खास बातें**

- ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन करने के लिए चल रहे हैं ग्रामीण क्षेत्रों में काम



### 1500 से अधिक कार्य चल रहे हैं

वर्तमान में जिले में जल संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से जुड़े 1500 से अधिक कार्य प्रगति पर हैं। इन कार्यों के माध्यम से प्रतिदिन 25 हजार से अधिक श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्रामीणों को अपने ही ग्राम में रोजगार मिलने से पलायन की समस्या पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम

# हर पौधा बनेगा एक स्मृति, हर वृक्ष रचेगा हरित विरासत की नई कहानी : राजेश



पौधरोपण करते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मृति उद्यान हमारे प्रियजनों की यादों को प्रकृति के माध्यम से सहेजने का एक अनूठा प्रयास है। यहाँ लगाया गया प्रत्येक पौधा अपने साथ एक व्यक्तिगत कहानी, एक भावना और एक स्मृति लेकर बढ़ेगा। आज रोपे गए अमलतास के पौधे स्मरण और प्रकृति के बीच एक स्थायी संबंध का प्रतीक हैं। यह पहल केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि जैव विविधता के संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित एवं सस्टेनेबल भविष्य के निर्माण की दिशा में हमारा दीर्घकालिक निवेश है।

उक्त बातें बालको के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार सिंह ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर कही। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बालको टाउनशिप में स्मृति उद्यान का शुभारंभ किया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार सिंह ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। इसके उपरांत सौ से अधिक प्रतिभागियों ने अमलतास के पौधे रोपे। इस अवसर पर बालको के वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन के पदाधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में उनके परिवारजन उपस्थित रहे। स्मृति उद्यान के अलावा बीते तीन महीनों में बालको द्वारा टाउनशिप के विभिन्न हरित क्षेत्रों में लगभग 4 हजार पौधों का रोपण किया गया है, जिनमें 2 हजार बोगनवेलिया एवं 2 हजार पेंसिलवेनिया के पौधे शामिल हैं। इस पहल ने टाउनशिप की हरियाली और सौंदर्य को और समृद्ध किया है। टाउनशिप में पहले से ही फॉरेस्ट वॉकवे, नेहरू गार्डन तथा अन्य प्रमुख हरित स्थल मौजूद हैं।

### कंचन माटी सामाजिक संस्था ने आयोजित की संगोष्ठी



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कंचन माटी सामाजिक संस्था द्वारा हरियर धरती विषय पर संगोष्ठी आयोजित किया गया। इस दौरान फलदार एवं औषधीय गुणों वाली वृक्षों का रोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ सुशीला संतोष नेताम राजनांदगांव राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वैश्विक सोच है, परंतु आदिवासी समाज ने आदिकाल से ही पशु, पक्षी, वनस्पतियों का संरक्षण अपने टोटेमिक व्यवस्था के तहत करते आ रहा है, प्रत्येक आदिवासी परिवार के गोत्र चिन्ह के रूप में एक पशु, एक पक्षी तथा वनस्पति को संरक्षित करने की आदिम परम्परा है, जल जंगल जमीन की संस्कृति को अपने जीवनशैली में जोड़कर सबसे पहले पर्यावरण संरक्षण का संदेश पूरे विश्व को आदिवासी समाज ने दिया है। कार्यक्रम में सुमन नेताम, कृष्णा राजेश, रमा राज, विमला कंवर, माधुरी ध्रुव, विनिता पोर्ते, सम्मत श्रोते, मोना सिंह ध्रुव, कमला कंवर, देवला बाई, देवकी ध्रुव, सुनीता सिरका, रेखा मरावी, लक्ष्मी धनुहार, प्रीति तान्या नीनगेंद लाल सिदार, निर्मल राज, सुरेश मरकाम, देवेन्द्र ठाकुर उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी कोरबा ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



पौधरोपण करते अधिकारी कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी कोरबा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए 28 मई से 5 जून तक सप्ताहभर विभिन्न पर्यावरण जागरूकता गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन तथा चित्रकला प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में सभी आयु वर्गों, विभिन्न लिंग समूहों तथा हितधारकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा मिला। इस अवसर पर एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख किशोर चंद्रा पात्रा ने सभी से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने एनटीपीसी कोरबा द्वारा विगत वर्षों में 30 लाख से अधिक वृक्षारोपण एवं विभिन्न पर्यावरण संरक्षण कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सतत विकास के लिए पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को एनटीपीसी टाउनशिप परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सौ से अधिक लोगों ने भाग लेकर पौधारोपण किया। यह अभियान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक पेड़ माँ के नाम पहल के अंतर्गत संचालित किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी की गर्ल एम्पावरमेंट मिशन के अंतर्गत परियोजना प्रभावित क्षेत्रों की बालिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण किया।

# ग्राम्य भारती महाविद्यालय में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



पौधों के साथ छात्र व स्टाफ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय ग्रामीण भारती महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों एवं वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बोध कराया। उन्होंने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष 5 जून को मनाया जाता है और इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है।वक्ताओं ने जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण तथा जैव विविधता संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम को प्राचार्य ने संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया।

# कृषि महाविद्यालय में पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कोरबा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा 54वीं विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कृषि महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर्मदक्ष संस्थान पौड़ी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला में कर्मदक्ष संस्था के प्रबंध निदेशक दीप नारायण बनर्जी अतिथि एवं डॉ.राजेश कुमार साहू अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में डॉ राजेश कुमार साहू अधिष्ठाता ने पर्यावरण संरक्षण पर समसामयिक जानकारी देते हुए सारगर्भित चर्चा किया।

द्वितीय विशेषज्ञ के रूप में डॉ तरुण कुर्रे ने पर्यावरण तथा कृषि पर आधारित प्रशिक्षण दिया। योगेंद्र सिंह सहायक प्राध्यापक द्वारा उद्यानिकी एवं पर्यावरण विषय पर जानकरी दिया। डॉ प्रियल के द्वारा मृदा के महत्व पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया गया। डॉ रोशन भारद्वाज ने प्रेसिजन फार्मिंग एवं किसान उपयोगी मोबाइल एप की जानकारी प्रदान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा महाविद्यालय परिसर के आसपास पसरे हुए प्लास्टिकों को एकत्रीकरण किया गया। जिससे प्लास्टिक मुक्त महाविद्यालय हो सके तत्पश्चात छात्रों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया गया । जिसमें डॉ आशीष केरकेट्टा के द्वारा सामुदायिक जागरूकता पर अभ्यास करवाया गया। तत्पश्चात अंतर कक्षा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी एस सी कृषि के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने हिस्सा लिया, जिसमें छात्रों द्वारा रंगोली बनाते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए संदेश दिया गया, प्रतियोगिता में विजेता का निर्णय डॉ दुष्यंत कौशिक एवं डॉ योगिता ने लिया जिसमें प्रथम स्थान पर तृतीय वर्ष के छात्र काजल एवं साथी रहे एवं द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर प्रथम वर्ष एवं चतुर्थ वर्ष के छात्र रहे। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता जिसका थीम प्रकृति से प्रेरितः जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए आधारित पोस्टर तैयार किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर सुब्रत नायक, द्वितीय स्थान पर निहारिका एवं तृतीय स्थान पर पूजा रही हैं। कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉ राजेश साहू अधिष्ठाता के मार्गदर्शन एवं डॉ रोशन भारद्वाज कार्यक्रम अधिकारी रा से यो के सहयोग से किया गया।

### वन परिक्षेत्र चैतमा में पौधरोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन मण्डल कटघोरा के वन परिक्षेत्र चैतमा के मानिकपुर परिसर में छत्रपाल सिंह राज सरपंच संघ अध्यक्ष जिला के मुख्य आतिथ्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती इंद्रा पटेल, डीके आदिले, सरपंच राजलाल सिन्दराम, सरपंच जयसिंह आयाम, उप सरपंच चैतमा सुकालु प्रजापति, गिरीश कुमार पारसे, शेख इसरार, मुरितराम, राकेश पारसे, श्रीमति मंजू देवी, सोहनदास, किताब सिंह, सीपी जायसवाल एवं परिक्षेत्र सहायक चैतमा नामित तिवारी, परिसर रक्षक चैतमा उर्मिला देवी राज, बलवान कुरे इरफ परिसर रक्षक, गंगा सिंह कंवर केराकछार परिसर रक्षक, वन परिक्षेत्र चैतमा के कर्मचारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।



# कोरबा पावर लिमिटेड में विश्व पर्यावरण सप्ताह का आगाज




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अदानी कोरबा पावर लिमिटेड (केपीएल) में विश्व पर्यावरण सप्ताह का शुक्रवार को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के साथ किया गया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान के तहत प्लांट परिसर में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया गया तथा कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। केपीएल द्वारा 5 से 15 जून तक विश्व पर्यावरण सप्ताह-2026 मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न जागरूकता एवं सहभागिता आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सप्ताह का उद्घाटन 5 जून को सर्विस बिल्डिंग कार पार्किंग क्षेत्र में किया गया, जिसमें परियोजना के कर्मचारी एवं संविदा श्रमिक शामिल हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन पर्यावरण विभाग द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में केपीएल के पर्यावरण विभाग के आलोक मिश्रा, उद्यान विभाग के कंवर पाल मलिक तथा सुरक्षा विभाग के सदानंद पांडा का विशेष योगदान रहा। उपस्थित सभी लोगों ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया, ताकि आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरणीय चुनौतियों का कम से कम सामना करना पड़े।

## कोरबा मार्केट

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ) केवल महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकती हैं।
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष) ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष) एक्स-रे टेक्नशियन
9993000683
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

KRISHNA Multispeciality Hospital
AFFORDABLE AND TRUSTED HEALTHCARE
24/7 Emergency Services
उपलब्ध विभाग
• हड्डी रोग विभाग
• एक्सीडेंट एवं ट्रामा युनिट
• मेडिसिन रोग विभाग
• छाती रोग विभाग
• सर्जरी विभाग
• शिशु रोग विभाग
• स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• इनफर्टिलिटी विभाग
• पैथोलॉजी विभाग
• इंटेंसिव एण्ड क्रिटिकल केयर यूनिट
• न्यूरोसर्जरी विभाग
आयुष्मान एवं कैशलेस टीपीए उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
• 96 स्लाइस एडवांस सीटी स्कैन
• X-Ray 3D 4D USG, EEG, ECG, TMT,
• PFT की सुविधा
• वेंटीलेटर की सुविधा
• अनुभवी स्टाफ की टीम
• डायलिसिस की सुविधा
• 24 घंटे फार्मेसी एवं पैथोलॉजी की सुविधा
• 24 X 7 अपातकालीन सुविधाएं
कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मंगलम् विहार, कोसाबाड़ी कोरबा (छ.ग.) 7771005425, 77710-13560
Help Line No.:- 9109127585

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### भूविस्थापित रोजगार एकता संघ 15 को निकालेगी आक्रोश रैली

**कोरबा।** छग किसान सभा तथा भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में छोटे खातेदारों को रोजगार देने, भूविस्थापितों के लंबित रोजगार प्रकरणों के निराकरण, जमीन वापसी, पट्टा, आंशिक अधिग्रहण पर रोक लगाने, पेयजल की व्यवस्था करने, बसावट एवं खनन प्रभावित गांवों की अन्य समस्याओं को लेकर 15 जून को जन आक्रोश रैली निकालकर कलेक्ट्रेट घेराव की घोषणा की है। जिला प्रशासन को रैली और प्रदर्शन के संबंध में ज्ञापन भी सौंपा गया है। जिला प्रशासन से भी कई बार हस्तक्षेप कर समस्याओं के समाधान की मांग की गई लेकिन प्रशासन ने समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया इस लिए विस्थापितों ने किसान सभा के नेतृत्व में अब आर की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। आंदोलन को सफल बनाने के लिए गांव गांव में बैठक कर पर्चे वितरण के साथ भूविस्थापितों को एकजुट भी किया जा रहा है और किसान सभा ने आंदोलन को सफल बनाने के लिए पोस्टर भी जारी किया है। कलेक्ट्रेट घेराव और जन आक्रोश रैली को लेकर भूविस्थापितों के साथ आम जनता का भी व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। कलेक्ट्रेट घेराव को सफल बनाने के लिए 8 से 14 जून तक गांव गांव में नुक्कड़ सभा, घर घर पर्चे वितरण एवं भूविस्थापितों को एकजुट करने के लिए विशेष अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया है।

### पुलिस ने 26 वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कोरबा।** जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देश में जिले के तीनों अनुभागों के अनुभागीय अधिकारियों एवं समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। इसी कड़ी में सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के अंतर्गत स्थायी वारंट एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामिली के लिए विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस द्वारा सघन दबिश देकर लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान 5 स्थायी वारंटी एवं 21 गिरफ्तारी वारंटी तामील किए गए। इस प्रकार कुल 26 वारंटियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

### निदेशक ने कोरबा क्षेत्र में माइन क्लोजर कार्यों का किया निरीक्षण

**कोरबा।** एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने कोरबा क्षेत्र अंतर्गत बांकी मेन माइंस 9 व 10, बांकी 9 व 10, बांकी के 7 व 8, सुराकाछार के 5 व 6 तथा एएचक्यू का दौरा कर माइन क्लोजर से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान उन्होंने माइन क्लोजर गतिविधियों की प्रगति, भूमि पुनर्वास, हरित विकास, सुरक्षा प्रबंधन एवं पर्यावरणीय पुनर्स्थापन कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से माइन क्लोजर योजना के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी ली तथा कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित करने पर बल दिया। श्री दास ने माइन क्लोजर को पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि खदानों के बंद होने के पश्चात भूमि पुनर्वास, हरित विकास तथा सुरक्षित एवं संतुलित पर्यावरण का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इन कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित करने पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को माइन क्लोजर कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने तथा सुरक्षा एवं पर्यावरणीय मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### चिर्रा में सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन



**कोरबा।** सुशासन तिहार के अंतर्गत जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत चिर्रा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। यह जनपद कोरबा क्षेत्र में आयोजित शिविरों की श्रृंखला का अंतिम शिविर रहा, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी मांगें का आवेदन प्रस्तुत किए। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी खगेश निर्मलकर ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिले के जनपद पंचायत अंतर्गत 7 हजार से अधिक आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। वहीं आवास प्लस 2.0 के तहत नए आवेदनों का जियो-टैगिंग कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अब आवास की राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। साथ ही वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आवासों को तीन माह के भीतर पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को मनरेगा मजदूरी का लाभ भी समय पर मिलेगा। पेंशन योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों को आवेदन करने की अपील की गई।

# अब द बुल एण्ड द मेटाडोर, धर्मचक्र, थॉट कॉर्नर सेल्फी प्वाइंट बढ़ाएंगे शहर की सुंदरता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

निगम आयुक्त के द्वारा शहर सौदंर्यीकरण की दिशा में लगातार कार्य किये जा रहे हैं, जिसके लिये मैं उन्हें साधुवाद देता हूं। न्यू अग्रवाल चौक में द बुल एण्ड द मेटाडोर की अत्यंत सुंदर मूर्ति स्थापित की गई है, जो अनुपयोग लौह सामग्री व अनुपयोगी आटो मोटर पार्टस का उपयोग कर बनाई गई है, इसको बनाने वाले कलाकार को भी मैं साधुवाद देता हूं। इसी प्रकार आईटीआई चौक में थॉट कॉर्नर, शास्त्री चौक में धर्मचक्र की स्थापना एवं वहॉं का सौदंर्यीकरण भी अत्यंत प्रशंसनीय है।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने शहर के सौदंर्यीकरण के लिये विभिन्न चौक-चौराहों में नवस्थापित विशिष्ट प्रतीकों का लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कही। नगर निगम द्वारा उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के मार्गदर्शन एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में थीम आधारित शहर सौदंर्यीकरण के कार्य अनवरत रूप से किये जा रहे हैं। निगम द्वारा सुनालिया चौक

## नगर निगम की पहल से शहर का बढ़ेगा सौंदर्य

**खास बातें**

- उद्योग मंत्री ने आईटीआई व कोसाबाड़ी में स्थापित विशिष्ट प्रतीकों का किया लोकार्पण



दर्री रोड बाईपास मार्ग पर स्थित न्यू अग्रवाल चौक में द बुल एण्ड द मेटाडोर की लगभग डेढ़ टन वजनी प्रतिमाएं स्थापित कराई गई हैं, यह प्रतिमाएं वेस्ट टू वन्डर का उत्कृष्ट उदाहरण है, ये मनमोहक प्रतिमाएं अनुपयोगी आटो मोर्टस पाटर्स व अन्य आयरन वेस्ट का उपयोग कर निर्मित की गई हैं। द बुल एण्ड द मेटाडोर जहॉं एक ओर कोरबा के स्टेशन पावर को उजागर करता है, वहीं इस स्टेशन को कंट्रोल करने के हुनर का भी प्रदर्शन करता है। द बुल एण्ड द मेटाडोर मूल रूप से स्टेशन का एक प्रसिद्ध खेल है, जो बुल फाइटिंग का एक हिस्सा है। इसी तरह आईटीआई तानसेन चौक से व्हीआईपी रोड पर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत के बगल में निगम द्वारा बनाये गये गोल्डन आफ द वर्ल्ड रिकार्ड के सर्टिफिकेट को एक बड़े पोस्टर के रूप में स्थापित कर वहॉं पर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है, स्थल पर सुविचार लेखन हेतु पट्टिका स्थापित कर उसे थॉट कॉर्नर का स्वरूप दिया गया है। इसके साथ ही कोसाबाड़ी चौक शास्त्री चौक में भगवान बुद्ध के सिद्धांतों के प्रतीक धर्मचक्र कर स्थापना भी निगम द्वारा कराई गई है। इसी तरह शहर में नवनिर्मित मल्टीलेवल पार्किंग के समीप एक और ईव्हीचार्जिंग स्टेशन स्थापित कराया गया है, जिसका लोकार्पण उद्योग मंत्री श्री देवांगन के करकमलों से सम्पन्न किया गया।

### मामला पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत पाथा का

# ग्राम सभा में पंचों ने उठाया पानी टंकी के अहाता निर्माण में गड़बड़ी का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसमें निर्माण को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। पर्यावरण दिवस पर पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम पाथा में आयोजित ग्रामसभा में पानी टंकी के अहाता निर्माण का मुद्दा पंचों एवं ग्रामीणों ने

**खास बात**

- पंचों ने लगया घटिया निर्माण का आरोप

ऐसा ही मामला पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पाथा में सामने आया है, जहां आयोजित ग्रामसभा में नल-जल योजना के तहत किए जा रहे निर्माण कार्यों में कथित अनियमितता और भ्रष्टाचार का मुद्दा प्रमुखता से उठा। ग्रामसभा में जनपद सदस्य अंजू भोला गोस्वामी, सरपंच सुखसय मांझवार, उपसरपंच, पंचों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पानी टंकी परिसर में बनाए जा रहे अहाता (बाउंड्रीवाल) की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए।



अहाता जिसकी गुणवत्ता पर उठा है सवाल।

ग्रामीणों का कहना था कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिसके कारण थोड़ी सी बारिश में ही दीवारों और नींव की स्थिति कमजोर पड़ती दिखाई देने लगी है। ग्रामीणों द्वारा उपलब्ध कराए गए फोटो और वीडियो में भी निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े होते नजर आ रहे हैं। तस्वीरों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अहाता निर्माण में उपयोग की गई सामग्री और निर्माण तकनीक अपेक्षित स्तर की नहीं है। बारिश के बीच निर्माण स्थल की स्थिति और अधिक चिंताजनक बन गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जांच और सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामसभा में मौजूद लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण कार्य की निगरानी करने वाले अधिकारियों और तकनीकी अमले की भूमिका भी संदेह के घेरे में है।

अंजू भोला गोस्वामी ने ग्रामसभा में कहा कि यह कोई नया मामला नहीं है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य में गड़बड़ी की शिकायत पहले भी संबंधित विभाग को की जा चुकी है, लेकिन शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया। उनका कहना था कि विभागीय उदासीनता के कारण ही ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं और निर्माण कार्यों में मनमानी जारी है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि इससे पहले भी पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र में नल-जल योजना के तहत निर्मित एक पानी टंकी का अहाता धंसकर गिर चुका है। ग्रामसभा में उठे इस मुद्दे के बाद अब लोगों की निगाहें विभागीय कार्रवाई पर टिकी हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि निर्माण कार्य की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए, दोषी ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो तथा गुणवत्ताहीन निर्माण को तत्काल दुरुस्त कराया जाए। अन्यथा जल जीवन मिशन जैसी जनहितकारी योजना भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आएगी।

## खनिज उड़नदस्ता दल का 15 संदिग्ध स्थानों पर छापा, 14 वाहन किए जब्त



जब्त वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश तथा उप संचालक, खनिज प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले में गौण खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध 6 जून को विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गठित दो खनिज उड़नदस्ता दलों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण कर अवैध खनन गतिविधियों पर बड़ी कार्यवाही की।

जांच के दौरान सीतामणी, कपाटमुडा, सुराकछार, नरईबोध, रैंकी, कुदुरमाल, बरमपुर, बांकीमोंगरा, सुमेधा, कुमगरी, घनाकछार, कटघोरा, कछार, दर्री, धवईंपुर क्षेत्रों में अवैध खनिज परिवहन एवं उत्खनन की जांच की गई। जिस दौरान कपाटमुडा, नरईबोध, रैंकी, कुदुरमाल, सुराकछार, दर्री, बांकीमोंगरा तथा अन्य क्षेत्रों में अवैध उत्खनन तथा परिवहन करते पाए गए 1 चौन माउंटेन सहित 9 ट्रैक्टर, 2 हाइवा, 2 टीपर शामिल हैं। जब्त वाहनों को नियमानुसार कार्रवाई हेतु कुसमुंडा थाना, हरदीबाजार थाना, दर्री थाना, बांकीमोगरा थाना, खनिज जांच नाका उरगा में अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा शासकीय राजस्व की हानि को रोकना है। अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमों और अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है। विभाग ने चेतावनी दी है कि जिले में अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एसईसीएल के कोयला स्टॉक में तीसरे दिन भी धधकती रही आग



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा खदान के 29 नंबर कोयला स्टॉक में गुरुवार को लगी भीषण आग शुक्रवार को भी पूरी तरह नहीं बुझ सकी। कोयले के विशाल भंडार में आग लगातार धधक रही है, जिससे एसईसीएल को नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। आग पर काबू पाने के लिए एसईसीएल के टैंकर वाहनों की मदद से लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा है। वहीं आग प्रभावित क्षेत्र में डोजर चलाकर कोयले को अलग-अलग करने का कार्य भी किया जा रहा है। डोजर के आग की चपेट में आने की आशंका को देखते हुए उस पर भी पानी का लगातार छिड़काव किया जा रहा है।

**खास बात**

- आग पर काबू पाने जुटी रही टीम, इधर खतरे के बीच चलाया जा रहा डोजर

स्थानीय स्तर पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी के आरोप भी सामने आए हैं। जान जोखिम में डालकर आग लगे कोयले के बीच डोजर के संचालन किए जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि आग लगने की सूचना मिलते ही संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए थे और आग बुझाने के प्रयास जारी है। बताया जा रहा है कि बरसात से पहले एसईसीएल द्वारा बड़े पैमाने पर कोयले का स्टॉक तैयार किया जा रहा है। भीषण गर्मी के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। बता दें कि खदान क्षेत्र में हर दो-तीन दिन के अंतराल में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और कोयला भंडारण की प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है और राहत कार्य लगातार जारी है।

# पुराने व नए बस स्टैंड टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी व चालकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शनिवार को पुराना बस स्टैंड टैक्सी यूनियन एवं नया बस स्टैंड टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों एवं वाहन चालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य टैक्सी, कैब एवं अन्य यात्री वाहन चालकों को उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील बनाना था। बैठक में पुलिस अधिकारियों द्वारा वाहन चालकों को वर्तमान समय में घटित हो रही लूट, मारपीट, धोखाधड़ी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी गई। चालकों को बताया गया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वाहन बुक कराए जाने की स्थिति में उसकी पहचान सुनिश्चित करना आवश्यक है। इसके लिए यात्री से आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस अथवा अन्य पहचान पत्र की प्रति व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त करने, वाहन में बैठाने से पूर्व उसका स्पष्ट फोटो लेकर अपने परिजनों अथवा विश्वसनीय परिचितों को भेजने तथा यात्रा के दौरान मोबाइल का जीपीएस चालू रखते हुए अपनी लाइव लोकेशन साझा करने की सलाह दी गई। इसके अतिरिक्त रात्रिकालीन यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, सुनसान अथवा निर्जन स्थानों पर वाहन रोकने से बचने, वाहन में पर्याप्त चार्ज वाला मोबाइल रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल डायल 112 अथवा निकटतम पुलिस थाना को देने के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर कोरबा पुलिस द्वारा तैयार किए गए सुरक्षा संबंधी जागरूकता पोस्टर एवं एडवाइजरी का वितरण भी किया गया, ताकि अधिक से अधिक वाहन चालकों तक सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचाई जा सके। कोरबा पुलिस द्वारा सभी टैक्सी, कैब एवं यात्री वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे सुरक्षा संबंधी इन सावधानियों का पालन करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा व्यक्ति की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

**खास बात**

- अज्ञात बुकिंग एवं यांत्रियों से जुड़े सुरक्षा उपायों को दी गई जानकारी



टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक लेते पुलिस अधिकारी।

**कोरबा।** उन्होंने नए शैक्षणिक सत्र में शिक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने, विद्यालयी अधोसंरचना विकास और शिक्षकों की उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर नगर पंचायत ने अध्ययन भ्रमण का किया आयोजन

# शहर से निकलने वाले सूखे व गीले कचरे निपटान के बारे में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत नगर पंचायत खरोद द्वारा विशेष एक्सपोजर विजिट (अध्ययन भ्रमण) का आयोजन किया गया। इस दौरान कचरा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने तथा 4-स्ट्रीम कचरा पृथक्करण को वार्ड स्तर पर कड़ाई से लागू करने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत कचरे के स्रोत पर पृथक्करण को बढ़ावा देने के लिए जन-जागरूकता लाने हेतु निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को 'लीड फैसिलिटेटर्स' के रूप में नामांकित किया गया है। इसी क्रम में 6 जून को इन सभी लीड फैसिलिटेटर्स के लिए खरोद निकाय के अंतर्गत स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं का एक विशेष अध्ययन भ्रमण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष मुख्य नगरपालिका अधिकारी, पंचायत के पार्षदगण, नगर पंचायत के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं शहर को स्वच्छ बनाने में अग्रिम भूमिका निभाने वाली स्वच्छता दीदियां विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों को प्लांट की तकनीकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस विजिट का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों और टीम को कचरा प्रबंधन की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला और उपलब्ध अधोसंरचना की जमीनी हकीकत और कार्यप्रणाली से रूबरू कराना था। लीड फैसिलिटेटर्स को शहर से निकलने वाले सूखे, गीले और हानिकारक कचरे के प्रसंस्करण और उसके सही निपटान की तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि इस एक्सपोजर विजिट से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद, अब ये 'लीड फैसिलिटेटर्स' स्वच्छता दीदियों और अधिकारियों की टीम के साथ मिलकर 7 जून से 12 जून तक चलने वाले आगामी चरणों में वार्डों के भीतर घर-घर जाकर नागरिकों को जागरूक करेंगे। वे जनता को सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने और कचरे के सही निपटान के लिए प्रेरित करने में मुख्य भूमिका निभाएंगे।



कार्यक्रम में उपस्थित नगर पंचायत के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्वच्छता दीदी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780